# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com
राहतगढ़ • खुरई • पथरिया • सिलवानी • गैरतगंज • गंजबासौदा • सिरोंज • बीना • शमशाबाद
भोपाल 3 मार्च 2026


# न उमंग और ना तरंग, हथगोह गांव में नहीं होता होलिका दहन

## होलिका दहन की प्रथा दशकों से है बंद, एक हादसे के बाद गांववासियों ने लिया था निर्णय





**जागरण, सागर/देवरीकलां।** होली और धुरेड़ी जिक्र आते ही हमारे मन में उत्साह, मस्ती और धूमधाम के दृश्य उमड़ने लगते हैं। पर्व पर गुरुवार को एक ओर जिलेभर में होलिका दहन का उल्लास था तो दूसरी ओर देवरी के हथगोह गांव के ग्रामीण इनसे दूर थे। यहां होलिका दहन नहीं होता बल्कि इसकी कल्पना करके ही ग्रामीणों में भय के साथ सिहरन दौड़ जाती है। दरअसल, इसके पीछे कहानी विचित्र जरूर है लेकिन एकदम सच है। पुराने समय से ही बुंदेलखंड में होलिका दहन, धुरेड़ी और रंगपंचमी को धूमधाम से मनाने की परंपरा रही है। अब यदि यहां के किसी एक विशेष गांव में ऐसा उल्लास न हो तो वजह जानना भी लाजिमी हो जाता है। पीढ़ियां गुजर गईं जब लोगों ने यहां होलिका दहन होते नहीं देखा। इसके पीछे आश्चर्यजनक कारण है। ग्रामीणों के मुताबिक कई दशक पहले जब गांव में होलिका दहन का उत्साह था और लोग धूमधाम व परंपरागत ढंग से पूजन करते हुए होलिका दहन कर रहे थे, तब एक घटना हो गई। गांव की कई झोपड़ियों में आग लग गई लेकिन वजह किसी को नहीं मालूम चल रही थी कि आखिर आग लगने की वजह क्या है। यकायक हुई इस घटना से दहशत में आए ग्रामीणों ने तब गांव के लोगों ने स्थानीय धाम विराजमान मां झारखंडन देवी की शरण में पहुंचे और उनकी आराधना। चमत्कारिक ढंग से झोंपड़ियों में लगी आग बुझ गई। तभी से स्थानीय लोगों का मानना है कि यह आग झारखंडन देवी की कृपा से बुझी थी। इसलिए अब होलिका का दहन यहां नहीं किया जाना चाहिए। कालांतर में यह परंपरा स्थापित हो गई और यह अनवरत चली आ रही है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि उनकी पूरी उम्र गुजर गई लेकिन उन्होंने आज तक गांव में होलिका दहन नहीं देखा। ग्रामीण मानते हैं कि इससे झारखंडन देवी रुष्ट हो जाएंगी। हालांकि गांव में रंग-गुलाल से होली अवश्य खेली जाती है। झारखंडन माता मंदिर के पुजारी के अनुसार देवीजी ने ग्रामीणों को दर्शन देकर कहा था कि यहां कभी होली मत जलाना। तभी से यह परंपरा कायम है। चैत्र की नवरात्रि में मेला भी लगता है जिसमें लोग अपनी मनोकामना लेकर आते हैं जो पूरी भी होती हैं। झारखंडन माता को हथगोह गांव की कुलदेवी माना जाता है। होलिका दहन न करने की ऐसी कथा संभवतः देश के किसी इलाके में नहीं सुनी जाती।

### शहर में होलिका दहन की रही धूम, धुरेड़ी आज

**जागरण, सागर।** शहर में सोमवार को होलिका दहन परंपरागत ढंग से उल्लास के साथ हुआ। जगह-जगह आयोजन के तहत होलिका दहन हुआ। कहीं रंगोली सजाई गई तो कहीं लोगों ने धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए। वहीं 3 और 4 मार्च को शहर के साथ समूचे जिले में धुरेड़ी की धूम रहेगी। सोमवार को होलिका दहन के लिए विशेष मुहुर्त में आयोजक मंडलों ने विधि-विधान से दहन कार्यक्रम किया। परंपरागत स्थानों के साथ रहवासी कॉलोनियों में भी लोगों ने होलिका दहन किया। होलिका दहन के बाद लोगों ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। अब लोगों को रंगोत्सव का इंतजार है और इसे लेकर बाजारों में बेहद चहल-पहल रही। कटरा, बड़ा बाजार, सिविल लाइंस और शहर के अन्य प्रमुख स्थानों के साथ उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया में भी रंग-गुलाल, पिचकारी लेने के लिए बच्चों की भीड़ भी रही।

## न्यूज कार्नर

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुए अनेक आयोजन




**जागरण, राहतगढ़।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर स्वामी ब्रजानंद शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा कैरियर कंप्यूटर एकेडमी राहतगढ़ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नोबेल पुरस्कार विजेता महान वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। स्वागत भाषण रघुराज सिंह ठाकुर ने दिया। विज्ञान शिक्षक दिनेश यादव ने उपस्थित विद्यार्थियों को विज्ञान का महत्व एवं विज्ञान के दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी विज्ञान से जुड़े विषयों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रघुराज सिंह ठाकुर रुचि राजपूत श्रद्धा तिवारी मिनी राजपूत सत्यम लोधी अंकिता कुशवाहा मुस्कान घोषी अंजली अहिरवार सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना एवं महान वैज्ञानिकों के योगदान से परिचित कराना था।

### यात्री बस का पंजीयन निरस्त, जुर्माना वसूला

**जागरण, सागर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारीए सागर द्वारा एक यात्री बस का पंजीयन निरस्त किया गया है। उक्त यात्री बस को स्क्रेप करने का आदेश जारी किया है। बहेरिया चौराहा बण्डा मार्ग पर 24 यात्री बसों की जांच की गई। जांच दौरान 11 यात्री बसों में मौके पर दस्तावेज नहीं, परमिट शर्तो का उल्लंघन, यात्रियों से अधिक किराया वसूली, एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं, चालक/परिचालक निर्धारित गणवेश में नहींए रेडियम रिफ्लेक्टर टेप नहीं तथा अग्निशमन यंत्र एवं अन्य सुरक्षा संबंधी उपाय नहीं होने से उन यात्री बसों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत् कार्यवाही की गई।

# बुक कराया आईफोन, कंपनी ने भेज दिया केवल चार्जर

## जिला उपभोक्ता विवाद परितोषण ने दिया शुल्क लौटाने का आदेश, परिवाद किया था दायर

**जागरण, सागर।** ऑनलाइन आईफोन बुक कराने वाला ग्राहक उस वक्त असमंजस में पड़ गया जब कंपनी ने आईफोन की जगह केवल चार्जर भेज दिया। यही नहीं, ग्राहक की शिकायत के बावजूद कुछ नहीं किया। जिला उपभोक्ता विवाद परितोषण ने इसे सेवा में की का मामला मानते हुए ग्राहक के पक्ष में फैसला दिया है।



फ्लिपकार्ट ने आईफोन बुक होने के बाद ग्राहक को महज चार्जर भेजा और आईफोन का ऑर्डर बिना सहमति के कैंसिल कर दिया था। मामले में सुनवाई करते हुए आयोग ने इसे सेवा में कमी माना और ग्राहक को 5 हजार रुपए और चार्जर प्रोसेसिंग फीस लौटने का आदेश दिया है। परिवादी उत्कर्ष मिश्रा निवासी नेहानगर मकरोनिया ने जिला उपभोक्ता विवाद परितोषण आयोग में ि लपकार्ट मैनेजर के खिलाफ परिवाद पेश किया। आवेदक ने 8 अक्टूबर 2023 को ि लपकार्ट से एक एप्पल आईफोन कीमत 76 हजार 97 रुपए का ऑर्डर डिस्काउंट 13 हजार 901 रुपए प्राप्त कर किया था। यह मोबाइल मय चार्जर फाइनेंस कराया था। इसकी ईएमआई 8850 रुपए थी। भुगतान की राशि में प्रोसेसिंग फीस 1832 रुपए थी। मोबाइल व चार्जर 18 अक्टूबर 2023 तक पहुंचाना था। लेकिन आवेदक को 14 अक्टूबर 2023 को सिर्फ चार्जर भेजा गया। आईफोन 18 अक्टूबर तक मिलने की सूचना दी। इस बीच 17 अक्टूबर 2023 को आवेदक को सूचना दिए बगैर ही ऑर्डर कैंसिल कर दिया गया। आवेदक की जमा राशि 8850 रुपए में से प्रोसेसिंग फीस काटकर बाकी उसके बैंक खाते में वापस कर दी गई। जब आवेदक ने अन्य राशि की मांग की, तब कहा गया कि चार्जर की कीमत 3504 रुपए अदा करनी होगी। धमकी के कारण आवेदक को राशि जमा करनी पड़ी। उसने कई बार अनावेदक से ऑनलाइन शिकायत दर्ज की लेकिन प्रोसेसिंग फीस व चार्जर की राशि 5336 रुपए वापस नहीं की गई जबकि ऑर्डर कंपनी की गलती से कैंसल हुआ था। बाद में परिवादी उत्कर्ष ने आयोग में परिवाद पेश की। परिवादी के अधिवक्ता पवन नन्होरिया ने बताया कि प्रकरण में जिला उपभोक्ता विवाद परितोषण आयोग के अध्यक्ष राजेश कुमार कोष्टा और सदस्य अनुभा वर्मा ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान मामले से जुड़े साक्ष्य व दस्तावेज पेश किए। साक्ष्यों के आधार पर आयोग ने फैसला सुनाते हुए अनावेदक कंपनी को स्वयं के व्यय पर आवेदक को डिलेवर किए गए आईफोन के चार्जर को आदेश दिनांक से 15 दिन के अंदर प्राप्त कर पावती रसीद देने, जार्चर की कीमत 3504 रुपए और प्रोसेसिंग फीस 1832 रुपए कुल 5336 रुपए परिवादी को आदेश दिनांक से अदायगी तक 6 प्रतिशत ब्याज पर लौटने, मानसिक प्रताड़ना व सेवा में कमी के रूप में 5 हजार रुपए और परिवाद व्यय के 2 हजार रुपए आदेश दिनांक से 2 माह के अंदर भुगतान करने का आदेश दिया है।

# आत्महत्या की रोकथाम पर व्याख्यान आयोजित

**जागरण, राहतगढ़।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में संस्था के प्राचार्य डॉ.चन्दनसिंह सागर के निर्देशन में सुप्रीम कोर्ट के परिपालन तथा उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राष्ट्रीय कार्यबल मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण एनटीएफसे स बद्ध आत्महत्या रोकथाम पर विशेषज्ञों द्वारा व्या यान दिए गए। कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक प्रियांशी राजौरिया ने बताया कि आज के युवाओं में सहनशीलता कम होने तथा डिप्रेशन में जाने से वे इस ओर प्रेरित हो रहे हैं। आप अपने जीवन की चाबी किसी दूसरे के हाथों में मत सौंपिए। आर्या क प्यूटर के संचालक सनातन तिवारी ने कहा कि संघर्ष ही जीवन है तथा आत्महत्या करना यानी जीवन देने वाले के खिलाफ जाना है। इसके लिए योग मेडिटेशन आदि का प्रयोग करें। आशीष रैकवार ने स्वरचित कविता का आत्महत्या को लेकर पाठ किया। डॉ.अपर्णा दुबे के विचार थे जीवन में आगे बढ़ते चलो ये महत्वपूर्ण नहीं कि न बर आ जाये दौड़ में ये महत्व रखता है कि आप दौड़े। संचालन करते हुए डॉ श्रीकांत रिंगे ने बताया कि आत्महत्या से जीवन समाप्त कर लेना यानी सब खत्म कर देना है गिरने के बाद उठना ही जीवन है। अंत मे सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त करते हुए सन्दीप जैन ने कहा आत्मा अजर अमर है।

# श्रीवास्तव बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष, किया स्वागत

## जिला कार्यकारिणी में किया है शामिल, कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा



**जागरण, राहतगढ़।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं केबिनेट मंत्री गोविंदसिंह राजपूत की अनुशंसा पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेंद्र श्रीवास्तव को भारतीय जनता पार्टी सागर का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका शाल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया एवं वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। स्वागत करने वालों में जनपद सदस्य रामशरण राय सरपंच सुरेशसिंह जाट देवेंद्र साहू प्रदीप वर्मा कौशल किशोर कन्होआ सुनील श्रीवास्तव मनोज तिवारी जीवनलाल चौरसिया आयुष श्रीवास्तव संजय ठाकुर रघुनाथ प्रसाद राजेश साहू अशोक साहू नर्मदा प्रसाद पटेल सुबोध साहू राहुल यादव हरिओम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता व नगरवासी शामिल थे।

## अभियान

### निगम के उड़नदस्ता दल की विभिन्न स्थानों पर सख्त कार्रवाई

# नियम विरुद्ध गतिविधियों पर तालाबंदी, जुर्माना और चेतावनी

### एक आवासीय परिसर में व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करते मिले



**जागरण, सागर।** निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की बकाया राशि की वसूली तथा आवासीय भवनों के व्यवसायिक उपयोग की जांच हेतु गठित उड़नदस्ता दल ने सोमवार से सघन कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

उड़नदस्ता दल ने शिवाजी नगर वार्ड स्थित प्रेरणा हॉस्टल का निरीक्षण किया जहां व्यवसायिक उपयोग के बावजूद घरेलू नल कनेक्शन संचालित पाया गया। साथ ही फायर एनओसी एवं हॉस्टल संचालन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। टीम द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ की गई। इसी क्रम में बीएमसी के सामने स्थित एक आवासीय परिसर में नीरज यादव एवं विष्णु भाई द्वारा व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करते हुए पाए गए। जांच में यहां भी घरेलू नल कनेक्शन उपयोग में पाया गया। टीम ने पंचनामा बनाते हुए आवश्यक कार्रवाई की तथा भवन स्वामी से संपत्तिकर की 57 हजार रुपए की बकाया राशि मौके पर ही जमा कराई। इसी प्रकार शिवाजी नगर वार्ड में महेश ट्रेडर्स अनिकेत पटेल द्वारा आवासीय परिसर में व्यवसायिक उपयोग किए जाने पर तालाबंदी की गई। इसके अलावा ग्रीनवेली मैरिज गार्डन को मैरिज गार्डन शुल्क शीघ्र जमा करने हेतु चेतावनी दी गई। शिवाजी नगर वार्ड में आवासीय परिसर में नितिन पौराणिक द्वारा अमृतधारा आरओ वाटर सप्लायर का व्यवसायिक उपयोग करने तथा कृष्णा प्रभा एवं अमल अजय के पूरी बिल्डिंग में किरायेदार रखने पर व्यवसायिक कर लगाने तथा संबंधित वार्ड के करसंग्राहकों को नोटिस देने की कार्रवाई की गई।

### बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाएगी

उड़नदस्ता दल के प्रभारी सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु ने बताया कि जहां भी घरेलू नल कनेक्शन का व्यवसायिक उपयोग पाया जाएगा वहां व्यवसायिक नल कनेक्शन में परिवर्तन की कार्रवाई के साथ बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाएगी। निगम आयुक्त ने दल को निर्देश दिए हैं कि बकाया करों की वसूली तेज गति से की जाए तथा प्रतिदिन की कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। नागरिकों से अपील की है कि वे नियमानुसार करों का भुगतान करें एवं भवन उपयोग संबंधी नियमों का पालन करें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान अनिरुद्ध चाचौंदिया, संजय सोनी, प्रमोद पांडेय मौजूद थे।

# वैज्ञानिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण, मालथौन।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय मालथौन के विज्ञान विभाग द्वारा इको क्लब के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा समस्त स्टाफ सदस्यों की सहभागिता रही। संचालन डॉ.रोशनी जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़ी सं या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आधारित पोस्टर, कार्यशील एवं अकार्यशील मॉडलों की आकर्षक प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा एवं दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग से संबंधित नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

**तापमान में हुई वृद्धि :** शहर में अब गर्मी का असर दिखाई देने लगा है। सोमवार को शहर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया जो अभी तक सबसे अधिक है। रोजाना ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। होली के बाद इसमें और वृद्धि होगी।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती सुमन अग्रवाल पति श्री अनिल अग्रवाल निवासी लच्छू चौराहा महर्षि दयानंद वार्ड सागर मध्य प्रदेश शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मधु दर्ज हो गया है जो कि विवाह उपरांत रखा गया। जबकि विवाह पूर्व मेरा नाम सुमन अग्रवाल था और समग्र आईडी में भी दर्ज है जो कि सही है। अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम सुमन अग्रवाल दर्ज किया जावे।

**सूचनाकर्ता**
श्रीमती सुमन अग्रवाल पति श्री अनिल अग्रवाल, सागर


# सागर में शाम 6.18 से आरंभ होकर 6.47 तक दिखेगा चंद्र ग्रहण

## होली पर खगोलीय संयोग, चंद्रोदय के साथ चंद्रग्रहण का योग




होली की शाम चंद्रोदय और ग्रहण का मिलन दिखेगा

**जागरण, सागर।** इस बार होली के पर्व पर ग्रहण का साया है। होली की शाम चंद्रोदय और ग्रहण का मिलन दिखेगा। होली के रंगों के बीच चंद्रमा भी तामिया लाल-सा दिखकर होली खेलने जा रहा है। 3 मार्च पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना होने जा रही है। सागर जिले में भी चंद्रग्रहण देखा जा सकेगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि भारत में इसे आंशिक चंद्रग्रहण के रूप में शाम को केवल कुछ मिनिट के लिये ही देखा जा सकेगा। यह ग्रहण ग्रस्तोदय के रूप में नजर आयेगा जिसमे चंद्रोदय के समय ही चंद्रमा पर ग्रहण लगा हुआ होगा। वैसे तो ग्रहण की शुरुआत दोपहर लगभग 3 बजकर 20 मिनट से होगी लेकिन तब भारत में चंद्रोदय नहीं हुआ होगा। आंशिक ग्रहण की समाप्ति शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगी। सारिका ने बताया कि चंद्रग्रहण को बिना किसी विशेष चश्मे के आंखों से सुरक्षित रूप से देखा जा सकता है। इस ग्रहण का कुछ न कुछ भाग विश्व के लगभग 63 प्रतिशत लोग देख सकेंगे। आंशिक ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट 07 सेकंड पर आरंभ होगा। पूर्ण ग्रहण दोपहर 4 बजकर 34 मिनट 34 सेकंड से शुरू होगा। पूर्ण ग्रहण समाप्ति सायं 5 बजकर 32 मिनट 49 सेकंड पर होगी और आंशिक ग्रहण समाप्ति सायं 6 बजकर 47 मिनट 15 सेकंड पर होगी। सागर जिले में चंद्रग्रहण शाम 6.18 से दिखना आरंभ होगा।

### बाइक फिसली युवक घायल

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम विष्णुपुरा के पास एक भीषण सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक अपनी ससुराल से मजदूरी के पैसे लेकर वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी रास्ते में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जानकारी सामने आई है कि अजरोड़ा गांव निवासी 20 वर्षीय अनिल सहरिया अपनी ससुराल में मजदूरी के रुके हुए पैसे लेने गया हुआ था। काम निपटाकर लौटते वक्त हादसा हुआ।


AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

### परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070129438337, मनीष कुमार झा ( ऋणी ), श्रीमती खुशबू झा ( सहऋणी ) | 15 सितंबर 25 33,54,355/- तैंतीस लाख चौवन हजार तीन सौ पचपन रुपए मात्र, 11 सितंबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित स्थित फ्लैट नं. 501, 5th फ्लोर, टॉवर 7( B ), सागर लाइफ स्टाइल टावर्स, खसरा नं. ( S ) 112/1 Kha, 112/2/1/3/1, 112/2/1/3/2, 108/4/1, Phn 42/49, विकास खंड फंदा, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1347 वर्ग फीट, पूर्व: कॉरिडोर एवं फ्लैट नं. 504, पश्चिम: खुला, उत्तर: फ्लैट नं. 502, दक्षिण: फ्लैट नं. 508 | 25 फरवरी 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070424765199, अरविंद यादव ( ऋणी ), श्रीमती कौशल्या बाई ( सहऋणी ) | 15 सितंबर 25 6,17,514/- छः लाख सत्रह हजार पांच सौ चौदह रुपए मात्र, 12 सितंबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित Phn 21/47, खसरा नं. 313/1/2/1/2/2/2, वार्ड नं. 14, पाटनदेव रेशम केंद्र के पास, जिला- रायसेन, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 450 वर्ग फीट, पूर्व: रास्ता, पश्चिम: अन्य की भूमि, उत्तर: प्लॉट नं. 03, दक्षिण: प्लॉट नं. 05 | 25 फरवरी 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070226494543, राजकपूर ( ऋणी ), प्रह्लाद सिंह ( सहऋणी ), शिवकुमारी ( सहऋणी ) | 15 सितंबर 25 8,83,772/- आठ लाख तिरासी हजार सात सौ बहत्तर रुपए मात्र, 11 सितंबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत Phn 40 271/1/2 मेहलुआ विदिशा कुरवाई, जिला - विदिशा, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 5597 वर्ग फीट | 26 फरवरी 26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 02.03.2026 स्थानः भोपाल, मप्र प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## न्यूज कार्नर

### बौर से लदे आम के पेड़



**हटा।** इन दिनों क्षेत्र में आम के पेड़ों पर बौर की बहार छाई हुई है। गांवों और खेत-खलिहानों में दूर तक फैली आम की खुशबू वातावरण को मधुर बना रही है। पेड़ों पर आए सुनहरे-हल्के हरे रंग के बौर प्रकृति में एक नए चक्र के आरंभ का संकेत दे रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस बार अनुकूल तापमान, हल्की धूप और संतुलित नमी के कारण आम के पेड़ों में बौर समय से पहले और अच्छी मात्रा में आ रहा है। तापमान में अत्यधिक उतार-चढ़ाव न होने से पुष्पन की प्रक्रिया बेहतर हुई है जिससे फल बनने की संभावना भी बढ़ जाती है। वहीं किसानों का कहना है कि जल्दी और भरपूर बौर आना अच्छे उत्पादन का संकेत होता है। यदि आगे भी मौसम अनुकूल बना रहा और आंधी-पाला या असमय वर्षा नहीं हुई तो इस वर्ष आम की फसल बेहतर रहने की उम्मीद है। क्षेत्र के बागवानों में इसे लेकर उत्साह देखा जा रहा है। धार्मिक दृष्टि से भी आम का बौर शुभ माना जाता है। ग्रामीण अंचलों में इसे समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालुओं और किसानों दोनों के लिए यह संयोग शुभ संकेत के रूप में देखा जा रहा है। प्रकृति की इस छटा ने न केवल किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाई है बल्कि ग्रामीण जीवन में एक नई ऊर्जा और आशा का संचार भी किया है।

### जगह-जगह होली पर हुआ होलिका दहन

**दमोह।** जिले में होली का पर्व को जगह-जगह विशेष तैयारियां की गई थी। नगर के अनेक चौराहों पर होलिका की मनमोहक सुंदर प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। होलिका दहन को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में ज्यादा उत्साह देखने को मिला। नगर के हर वार्ड में गली-गली होलिका दहन किया गया। इसके साथ ही बाजार में भी विशेष भीड़ देखी गई। घंटाघर क्षेत्र के आसपास बड़ी संख्या में सड़क किनारे होलिका बेचने वालों की भीड़ दिखाई दे रही थी। इसके साथ ही रंग-गुलाल एवं बिचकारियों के जगह-जगह ठेले लगे दिखाई दिये। जहां देखो वहां रंग गुलाल खरीदने वालों की भीड़ देखी गई।

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक : दुबे

**जागरण दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ पीके जैन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसका विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने कहा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रभावी भाषण कलाए तार्किक क्षमता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजगता को युवाओं के लिए अनिवार्य बताया।




राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. इंदिरा जैन ने संसदीय लोकतंत्र में संवाद, विचारों की गुणवत्ता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवाओं में राजनीतिक जागरूकता लोकतंत्र की स्थिरता का आधार है।

विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रभावशाली एवं तथ्यपरक विचार प्रस्तुत किए। जिसमें प्रथम संजना पटेल, द्वितीय प्रतिभा शर्मा, तृतीय सौम्या पांडे, चतुर्थ सतीश अहिरवार और पांचवां स्थान अजय कुशवाहा का रहा। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रथम चयनित पांच प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गयाए जिन्हें आगामी चरण के लिए भेजा जाएगा। इस अवसर पर जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सुशील नामदेव, सहायक प्राध्यापक डॉ. मंगल सिंह अहिरवार, बीडी रैकवार, इरफान खान, विनोद साहू, नाजनीन बेगम, दीपा पांडे, सिद्धार्थ जाउरकर, डॉ अनिल जैन सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ. राहुल दुबे द्वारा और आभार प्रदर्शन एनएसएस जिला संगठक डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी ने किया।

### बाड़ी के मां हिंगलाज मंदिर में हुई चोरी का पर्दाफाश

# शातिर आरोपी गिरफ्तार



**जागरण रायसेन।** रायसेन जिला के बाड़ी स्थित मां हिंगलाज मंदिर में बीते दिनों हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। 22-23 फरवरी की दरमियानी रात अज्ञात आरोपी ने मंदिर में प्रवेश कर माता का चांदी का मुकुट, दान पेटी में रखी नकदी तथा आभूषण चोरी कर लिए थे। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल था जिस पर पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई शुरू की।

मामले में पुलिस ने आरोपी जितेंद्र उर्फ जतिन उर्फ कान्हा सिकलीगर 33 वर्ष को हिरासत में लिया है। आरोपी मूल रूप से इंदौर का निवासी है तथा गिरफ्तारी के समय देवास में रह रहा था। उसके खिलार्फ मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में चोरी, नकाबजनी, लूट और मारपीट के करीब 15 प्रकरण दर्ज हैं।

आशुतोष गुप्ता के निर्देश तथा नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया चांदी का मुकुट एवं नकदी बरामद कर ली है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## पंजाबी महिला विकास समिति दमोह का रंगारंग होली उत्सव संपन्न




**जागरण दमोह।** पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा होली के पावन अवसर पर एक भव्य एवं उल्लासपूर्ण होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ रंगों के इस पर्व को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनिया अरोड़ा ने की। मंच का प्रभावशाली एवं सुसंगठित संचालन सुची अरोड़ा द्वारा किया गयाए जबकि संपूर्ण कार्यक्रम की जिम्मेदारी चेयरपर्सन ऋतु दूआ ने कुशलतापूर्वक निभाई। समारोह का मुख्य आकर्षण नन्हे बच्चों द्वारा राधा और कृष्णा के रूप में सजीव प्रस्तुति रही। बच्चों ने मनमोहक वेशभूषा में सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। संगीत की मधुर धुनों पर महिलाओं ने भी जमकर नृत्य किया और सपने में मिलकर आओ जी, खेले होली जैसे गीतों पर पूरे उत्साह के साथ झूम उठीं।

श्वेता सरीन ने मनप्रीत और शिल्पा के साथ मिलकर मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मनप्रीत और शिल्पा ने नृत्य में भी सभी के साथ मिलकर कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। रंग-बिरंगे परिधानों, गुलाल की खुशबू और हंसी-खुशी से सराबोर इस आयोजन में प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं।

## अजब धाम में संकल्प से समाधान और राजस्व शिविर संपन्न

**जागरण दमोह।** बटियागढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत अजब धाम में संकल्प से समाधान और राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भवन में शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समस्याओं का समाधान किया गया। जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से संकल्प से समाधान एवं राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समस्याओं को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए गए। शिविर में राजस्व, पंचायत विभाग से जुड़े प्रकरण, ई केवायसी, पेंशन आदि के आवेदन दिए गए। शिविर में स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण और स्वास्थ्य प्रदर्शनी भी लगाई गई। समाजसेवी श्याम गर्ग ने बताया विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए हैं, सरकार सभी वर्गों का कल्याण कर लाभान्वित कर रही है।

### डाइट भवन में भजन मंडली प्रतियोगिता का आयोजन

# शहर की विभिन्न महिला मंडलियों ने दी पारंपरिक भजनों की मनोहारी प्रस्तुति

**जागरण रायसेन।** डाइट भवन में आयोजित भजन मंडली प्रतियोगिता में शहरभर की महिला भजन मंडलियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सेवा भारती द्वारा किया गया जिसमें भक्ति, संस्कृति और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला। प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलियों ने पारंपरिक भजनों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। निर्णायकों के निर्णय अनुसार गंजबाजार महिला मंडल ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया जिन्हें 3100 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली मंडली को 2100 रुपये तथा तृतीय स्थान पर रही मंडली को 1100 रुपये का पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 500 रुपये की राशि भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान शिवगोमती जन कल्याण समिति द्वारा 150 महिलाओं को साड़ियां वितरित की गईं जिससे आयोजन में सामाजिक सेवा का भाव भी परिलक्षित हुआ। इस अवसर पर सेवा




भारती की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. किरण शेजवार ने कहा कि संस्था भारतीय संस्कृति और प्राचीन परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों का उद्देश्य नई पीढ़ी को गौरवशाली मूल्यों से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और फूलों की होली खेलकर आनंद एवं उत्साह का वातावरण निर्मित किया। पूरा आयोजन भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रेरक उदाहरण बना।

### प्रशिक्षण दिया गया

**दमोह।** जिले में पदस्थ नगरीय निकाय एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों-कर्मचारियों को अमृत रेखा मोबाईल एप्लीकेशन एवं वेब एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मप्र इलेक्ट्रोनिक डेवलपमेंट कारपोरेशन भोपाल द्वारा उपलब्ध कराए गए सॉफ्टवेयर अमृत रेखा एप्लीकेशन से किया गया। प्रशिक्षण प्रशिक्षक हर्षा मिश्रा एवं शिवम अरजरिया दिया गया।

# महंगाई ने होली के रंग में डाली भंग, होली की मिठास महंगाई के कारण रहेगी फीकी

## आज मचेगी नगर में होली की हुडदंग, इकोफ्रेंडली रंगों से खेलेंगे होली

**बीना जागरण।** नगर में आज बड़े ही सौहार्द और धूमधाम से होली खेली जायेगी। नगर में आज तरह-तरह रंगों से जगह-जगह गली-गली में होली खेली जायेगी। होली उल्लास और उमंग का पर्व है। इस पर्व पर दुश्मन भी होली के रंग में दोस्त बन जाते हैं। होली एक पवित्र त्यौहार होने के साथ-साथ जाति भेदभाव को भी समाप्त कर देती है। इस पर्व पर घर-घर में होली की धूम के साथ-साथ मिठाईयां, गुजिया, पपड़ी, खुरमे आदि बनाये जाते हैं किंतु इस वर्ष मंहगाई इतनी अधिक बढ़ चुकी है कि इस वर्ष इस त्यौहार पर निम्न वर्ग के लिये मिठास का कोई मतलब ही नहीं रहता। त्यौहार पर बनने वाले पकवान अधिकतर शक्कर द्वारा बनाये जाते हैं किंतु इस वर्ष शक्कर इतनी मंहगी है कि निम्न वर्ग के लोगों को अपना गुजर बसर बिना मिठाई के करना पड़ेगा। मंहगाई के कारण इस वर्ष होली के रंग में भंग डली नजर आ रही है। होली पर घर-घर में मीठे पकवान बनाने का रिवाज होता है किंतु इन दिनों इतनी मंहगाई है कि शायद ही मीठे पकवान किसी भी निम्न वर्ग के घर में बनाये जा सकें। होली पर युवा वर्ग अति उत्साहित होकर होली खेलते हैं लेकिन होली की खुशी में वे यह भूल जाते हैं कि क्या गलत है और क्या सही है।

**आज मचेगी हुलियारों की उड़दंग**



वैसे तो आज के दिन सारा देश और सारा विश्व ही होली के रंग में डूबा रहता है। लेकिन नगर में भी हुलियारों द्वारा धूमधाम से और सौहार्द पूर्ण होली मनाई जाती है। नगर की गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले में नन्ने-मुन्ने बच्चों के साथ बड़े बुर्जुगों भी होली के रंग में डूबा देखा जा सकता है। होली के त्यौहार पर बड़े बुर्जुगों द्वारा युवा वर्ग को एक ही सीख दी जाती है कि होली के पावन पर्व पर वे गलत तरीके से तथा दुश्मनी पूर्ण होली न खेलें। नगर में होली के इस पर्व पर हुलियारों द्वारा प्रमुख मार्गो पर से होते हुये नगर में सभी जगह गाजे बाजों के साथ एक प्रकार की रैली निकाली जायेगी। जिसमें हर वर्ग, हर समाज के लोग होली के इस त्यौहार पर हुलियारों के साथ हुड़दंग का मजा लेते हैं।

**ऐसे खेलें होली**

होली एक पावन पर्व है जिसमें मौज भी है, मस्ती भी है, प्रेम भी है और मर्यादा भी है। इस पावन पर्व पर होली खेलते समय इन बातों का विशेष ध्यान रखें जिससे किसी का भी अनिष्ठ न हो सके। इसके लिये होली खेलते समय अबीर, गुलाल और रंगो से ही होली खेलें न कि कीचड़, कोलतार आदि उछालकर। होली खेलते समय बड़े बुजुर्गों से भी होली खेलें परंतु विशेष शिष्टाचार और मर्यादा के साथ। होली खेलने से पहले चेहरे और हाथ पैरों पर तेल अवश्य लगायें। होली की तरंग में किसी पर भी उसकी आर्थिक स्थिति, विकलांगता और पारिवारिक दशा को लेकर किसी प्रकार की कोई भी टिप्पणी न करें। आप किसी को रंग लगाते हैं तो उसे भी रंग लगाने का मौका दें। रंग लगाकर भाग खड़ा होना अच्छा नहीं होता। होली पर समस्त मतभेद, कुण्ठायें तथा भ्रांतियां त्यागकर प्रेम और उमंग तथा सौहार्द पूर्ण होली खेंले।

**कम पानी से खेलें होली**

आगामी समय में आने वाले ग्रीष्मकाल के समय में पानी की समस्या हर जगह और हर वर्ग को झेलनी पड़ती है। होली पर होली खेलते हुये कम से कम पानी का इस्तेमाल करें ताकि आगामी समय में आने वाली गर्मियों में पानी को बचा के रखा जा सके। अधिकतर देखा गया है कि होली पर बच्चों के साथ साथ बड़े भी इस बात का ध्यान नहीं रखते कि होली खेलते समय वे कितना पानी नष्ट कर देते हैं। इस बार होली पर पानी को बचाये रखने के लिये सूखे रंगों से तथा गुलाल से होली खेलें जिससे पानी की बचत की जा सके।

**मंहगाई से होली के रंग हुये फीके**

विगत कुछ समय से देश की अर्थ व्यवस्था कुछ धीमी होने के कारण मंहगाई का स्तर दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। इस मंहगाई के समय में होली के रंग में फीके होते नजर आ रहे हैं। मंहगाई के इस समय में हर वस्तु मंहगी बिक रही है। इन वस्तुओं में खाने पीने की चीजों से लेकर होली खेलने वाले रंगों पर भी अपना असर मंहगाई में छोड़ दिया है। फिर भी होली के इस पावन त्यौहार पर देश भर में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस मंहगाई के समय में देश के आम लोगों की कमर तोड़ने के लिये शक्कर और चावल जैसे खाद्य पदार्थों ने अहम भूमिका निभाई है। मंहगाई के समय में इस त्यौहार पर ज्यादातर पकवान मीठे बनाये जाते हैं जिसके लिये अधिक से अधिक शक्कर की आवश्यकता होती है लेकिन शक्कर के भाव आसमान छूने के कारण इस वर्ष की होली के रंग फीके होते नजर आ रहे हैं।

**इकोफ्रेंडली रंगों से खेलें होली**

होली खेलने के लिये सिंथेटिक रंगों का प्रयोग न करके अगर इकोफ्रेंडली रंगों का इस्तेमाल करें तो उसके कोई भी साईडइफेक्ट नहीं होंगे। रंगों को बनाने के लिये फ्लों और चंदन का प्रयोग कर सकते हैं जिसमें लाल रंग बनाने के लिये लाल चंदन पाउडर में गुडहल का रस डालकर सुखा लें। गुलाबी रंग के लिये सिंदूर और चुकंदर का रस पाउडर में मिलाकर सुखा लें। नारंगी रंग के लिये पलास के फूलों का पाउडर बना सकते हैं। पीले रंग के लिये आटे या मुलतानी मिट्टी में हल्दी मिलाकर सूखा रंग बना सकते हैं। हरे रंग के लिये मेंहदी पाउडर का उपयोग कर सकते हैं। इस प्रकार आप इस वर्ष की होली में अपने आप को रंगों से अलग करने के लिये हाथ पैरों और चेहरे को बार-बार धोने और रगड़ने से बच जायेंगे।

## जैन मंदिर ट्रस्ट चुनाव की मतगणना के दौरान हंगामा, चले लात-घूसे



**बीना जागरण।** शहर के नाभिनंदन गिदम्बर जैन मंदिर में ट्रस्ट चुनाव की मतगणना के दौरान सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब मंदिर परिसर के बाहर जैन समाज के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते गाली-गलौज और लात-घूंसों तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। जानकारी अनुसार रविवार को नाभिनंदन दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट के चुनाव संपन्न हुए थे। सोमवार को मंदिर परिसर में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मतगणना चल रही थी। मतगणना के चलते मंदिर के बाहर प्रत्याशियों और समर्थकों की भारी भीड़ जमा थी। बताया गया है कि पहले राउंड की मतगणना के बाद करीब सवा एक बजे शरद सिंघई मंदिर से बाहर निकले। उनके भाई ट्रस्ट का चुनाव लड़ रहे हैं। इसी दौरान बाहर मौजूद रजनीश जैन से किसी बात को लेकर नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और हाथापाई होने लगी। मौके पर तैनात चुनाव ड्यूटी के जवानों ने तुरंत पहुंचकर दोनों पक्षों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के बाद कुछ देर के लिए वहां तनाव का माहौल रहा, हालांकि पुलिस की मौजूदगी में मतगणना प्रक्रिया जारी रही।

## होली पर्व को लेकर रेलवे ने बीना जंक्शन पर की व्यापक भीड़ प्रबंधन योजना लागू

**बीना जागरण।** होली पर यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने बीना जंक्शन पर व्यापक भीड़ प्रबंधन योजना लागू की है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में स्टेशन पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए विशेष इंतज़ाम किए गये हैं। स्टेशन पर टिकट खिड़कियों के साथ-साथ ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों को पूरी तरह क्रियाशील रखा गया है। अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए प्रवेश और निकास द्वारों पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। फुट ओवर ब्रिज पर भीड़ न बढ़े, इसके लिए जांच व्यवस्था मुख्य द्वारों की गई है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी की जा रही है। कोचों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच भी सुनिश्चित की जा रही है। प्लेटफॉर्म परिवर्तन की स्थिति में यात्रियों को समय पर उद्घोषणा के माध्यम से सूचना दी जा रही है। लिफ्ट, एस्केलेटर, प्रकाश व्यवस्था, पंखे और कोच गाइडेंस सिस्टम का भी नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

## छुट्टी के अलावा मंडी बंद न करने सौंपा ज्ञापन

**बीना जागरण।** होली के पर्व पर कृषि उपज मंडी को बंद न करने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा सागर के सदस्यों द्वारा भार साधक कृषि उपज मंडी को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें कहा गया है कि कृषि उपज मंडी को शासकीय छुट्टी के समय ही बंद किया जाये। अनावश्यक रूप से कृषि उपज मंडी बंद होने के कारण क्षेत्र के किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों को अपनी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता है क्योंकि मंडी बंद होने के कारण किसानों को अपनी उपज फुटकर व्यापारियों के यहां ओने-पौने दामों में बेचनी पड़ती है। जिस कारण उन्हें आर्थिक नुकसान होने के कारण मानसिक परेशानी भी होती है।

## बहुजन समाज पार्टी ने चलाया बूथ कमेटी सदस्यता अभियान



**बीना जागरण।** बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के दिशा निर्देश अनुसार एवं पूर्व राज्यसभा सांसद कॉर्डिनेटर, सांसद चंद्रशेखर बौद्ध, रमाकांत पीपल, सागर प्रभारी मनोज रजक, जिला प्रभारी मूरतसिंह यादव, जिलाध्यक्ष सूरज प्रसाद चौधरी के आदेशानुसार बहुजन समाज पार्टी द्वारा सेक्टर एवं बूथ कमेटी सदस्यता सहित भाईचारा बनाओ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को बसपा विधानसभा अध्यक्ष दशरथ अहिरवार के नेतृत्व में इटावा बाहरी क्षेत्र शारदा नगर कॉलोनी एवं श्रीराम कॉलोनी में बैठक आयोजित की गई। बैठकों के माध्यम से आओ मिलकर सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के साथ भाईचारा स्थापित करने एवं महापुरुषों के बताएं मार्ग पर चलने अंधविश्वास, पाखंडवाद, रूढ़िवादी परंपराओं, सामाजिक कुरीतियों से मुक्त करने एवं बहुजन समाज बनाने के लिये लोगों से संपर्क किया गया। इसके साथ ही बहुजन समाज पार्टी से जोड़ने की अपील की गई।

## विधायक के जन्मदिवस पर सेवा कार्यों की श्रृंखला, पौधरोपण एवं रक्तदान के साथ होली मिलन समारोह आयोजित



**बीना जागरण।** क्षेत्रीय विधायिका श्रीमती निर्मला सप्रे के जन्मदिवस पर सोमवार को शहर में सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समर्थकों ने इस अवसर को उत्सव के बजाय जनसेवा के रूप में मनाते हुए पौधरोपण, रक्तदान शिविर और होली मिलन समारोह आयोजित किए। कार्यक्रमों की शुरुआत मोतीचूर नदी घाट पर पौधरोपण से हुई। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पौधे रोपे। इसके बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को उपहार भी वितरित किए गए। दोपहर में शासकीय सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में विधायक समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का परिचय दिया। चिकित्सकों की टीम की देखरेख में दर्जनों यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शाम को खुरई रोड स्थित एक रिसॉर्ट में होली मिलन एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को बधाई दी और क्षेत्र की प्रगति के लिए संकल्प लिया। विधायिका सप्रे ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। दिनभर चले इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

## ट्रेन से गिरा युवक गंभीर रूप से घायल

**बीना जागरण।** मालखेड़ी के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना सोमवार को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 112 को प्राप्त हुई, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई की गई। मालखेड़ी के पास पोल नंबर 983/11 के समीप एक व्यक्ति चलती ट्रेन से गिर गया। सूचना मिलते ही थाना बीना में तैनात डायल 112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया। डायल 112 स्टाफ आरक्षक विक्रम प्रताप और पायलट राहुल अहिरवार तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल की स्थिति का जायजा लिया। घायल व्यक्ति पटरी के किनारे गंभीर हालत में पड़ा था। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

## न्यूज कार्नर

### सूने घर से लाखों की हुई चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**जागरण,छतरपुर।** थाना बमीठा के अंतर्गत ग्राम गंज में दो सप्ताह पूर्व लाखों की सनसनीखेज चोरी होने और उसका खुलासा न होने पर आक्रोशित परिजन और ग्रामीण सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन पत्र सौंपा। गंज निवासी पीड़ित नारायण सिंह ने बताया कि जिस दिन 15 फरवरी को बागेश्वर में सामूहिक कन्या विवाह हो रहा था उस दिन वह परिवार सहित वहां गये थे। लेकिन चोरों ने सूना घर देखकर धावा बोल दिया और घर में रखे 15 तोला सोने के जेबरात, सोने के सिक्के और कुछ नगदी, चांदी के जेबरात कुल 28 लाख की चोरी की घटना की रिपोर्ट बमीठा थाने में की गई थी। लेकिन दो सप्ताह बीतने को है। और पुलिस द्वारा अभी तक चोरी का कोई खुलासा नहीं किया गया है। यहां तक कि पुलिस चोरों का कोई सुराग भी नहीं लगा पाई है। जिससे लोग अब दहशत में हैं। क्योंकि इन दिनों खेती किसानी का कार्य शुरू हो चुका है और लोग अपने घरों का ताला बंद कर खेतों पर काम करने जाते हैं। जिससे अब लोगों को भय सता रहा है कि पता नहीं कब किस घर को चोर निशाना बना लें।

### लॉयन अधिवक्ता सुशील शिवहरे रीजन 11 चेयरपर्सन अवार्ड से सम्मानित हुये

**जागरण,छतरपुर।** डिस्टिक 3233 सी के माइक्रो चेयर पर्सन एमजेएफ लॉयन भगवत शरण अग्रवाल एवं लॉयन डॉ कृष्णा रावत को उत्कृष्ट सेवा गतिविधि सम्मान 2025-2026 के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ़ लायंस क्लब डिस्टिक 3233 सी रीजन कांफ्रेस 2025-2026 वर्ष का आयोजन सतना सिटी के एक निजी होटल मे किया गया जिसमे रीजन 11 के सभी क्लबो ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। डिस्टिक 3233 सी के रीजन 11 के जॉन चेयरपर्सन लॉयन अधिवक्ता सुशील शिवहरे के द्वारा 2 नये क्लब डिस्टिक को दिय गए। साथ ही अपने अंतर्गत आने बाले क्लबो को प्रेरित करते हुये वर्ष भर विभिन्न प्रकार की सेवा गतिविधिया करवाई जिसके लिए डिस्टिक 3233 सी के रीजन लॉयन अशोक जायसवाल के द्वारा वर्ष 2025-2026 के सर्वश्रेष्ठ जॉन चेयरपर्सन अवार्ड से सम्मानित किया।

### पिता बोले- एक माह से करंट की शिकायत के बाद भी नहीं हुआ था सुधार

# जमीन बेचकर पढ़ा रहा था इकलौते बेटे को प्रबंधन की अनदेखी ने छीन ली जिंदगी



**जागरण,नौगांव।** पॉलिटेक्निक कॉलेज छात्रावास में रविवार की सुबह करंट लगने से हुई छात्र राज तिवारी की मौत के मामले में मृतक के पिता सुनील तिवारी के आरोपों ने पूरे घटनाक्रम को कटघरे में खड़ा कर दिया है। रविवार शाम नौगांव पहुंचे पिता ने कॉलेज प्रबंधन पर सीधे लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे बेटे की मौत हादसा नहीं, बल्कि प्रबंधन की अनदेखी का परिणाम है। सोमवार की सुबह नवनिर्मित सिविल अस्पताल परिसर में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान मृतक छात्र के पिता ने पास में खड़े प्राचार्य रमेश कुमार गोस्वामी के सामने कॉलेज प्रबंधन पर लापरवाही करने के आरोप लगाए हैं। रीवा जिले के चिल्लाखुर्द निवासी सुनील तिवारी ने सिविल अस्पताल परिसर में रोते हुए बताया कि घटना वाले दिन सुबह करीब 11 बजे उनकी बेटे से फोन पर बातचीत हुई थी। उसने मुझसे कुछ पैसों की जरूरत बताई थी। मैंने तुरंत पैसे ट्रांसफर किए। उसी बातचीत में उसने बताया था कि छात्रावास के वाटर कूलर में एक महीने से करंट आ रहा है। कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुधार नहीं कराया गया। उनका कहना है कि यदि कॉलेज प्रबंधन समय रहते विद्युत सुधार करा देता, तो उनका बेटा आज जीवित होता। सुनील तिवारी ने भावुक होते हुए कहा कि राज मेरा इकलौता बेटा था। मैंने अपनी जमीन बेचकर उसे इंजीनियर बनाने के लिए यहां पढने़ भेजा था। हम गरीब लोग हैं, लेकिन उसके सपनों के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया। कॉलेज वालों की लापरवाही ने मेरा घर उजाड़ दिया। पिता ने मांग की है कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए और निष्पक्ष जांच हो।

**एक माह से शिकायत नहीं हुई सुनवाई**

छात्रों का भी दावा है कि छात्रावास के वाटर कूलर में करंट आने की शिकायत पिछले एक माह से की जा रही थी। प्राचार्य रमेश कुमार गोस्वामी, छात्रावास प्रभारी अमित जाटव और अन्य जिम्मेदारों को अवगत कराया गया, लेकिन मरम्मत या तकनीकी जांच नहीं कराई गई। तो वहीं पिता का आरोप है कि यह केवल तकनीकी खामी नहीं, बल्कि गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। जबकि प्राचार्य गोस्वामी का कहना है कि एक महीने से करेंट आने की बात गलत है, यदि छात्रों ने शिकायत की होती तो व्हाट्सएपग्रुप में शिकायत आती, लेकिन ऐसी कोई शिकायत नहीं आई। यह जो घटना हुई है वह एक दुखद घटना है और यह एक एक्सीडेंट है, जिसका मुझे बहुत दुख है।

घटना के बाद जागा प्रबंधन

घटना के बाद सोमवार को प्राचार्य रमेश कुमार गोस्वामी ने छात्रावास प्रभारी अमित जाटव को नोटिस देने और विभागीय निरीक्षण दल गठित करने की बात कही है। प्राचार्य गोस्वामी ने कॉलेज के वीएन सक्सेना व्याख्याता, एमके अग्रवाल व्याख्याता, डीआर अहिरवार व्याख्याता, एसपी अहिरवार व्याख्याता, एसपी नायक व्याख्याता, अमृता द्विवेदी, ऋतुराज कठेल, एस ए रहमान, संतोष कुरील, संदीप जाटव, अमित जाटव, अजय अहिरवार सहित निरीक्षण दल का गठन किया। निरीक्षण दल ने वर्तमान छात्रावास भवन को अनुपयोगी बताते हुए बंद करने तथा छात्रों को नवनिर्मित कन्या छात्रावास में शिफ्ट करने की अनुशंसा की है। हालांकि, पिता का सवाल है कि 'जब एक महीने से शिकायत थी, तो निरीक्षण और कार्रवाई पहले क्यों नहीं हुई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी। लेकिन एक पिता की पीड़ा प्रशासनिक औपचारिकताओं से कहीं बड़ी है। सुनील तिवारी की आंखों में अब भी वही सवाल तैर रहा है । क्या मेरे बेटे की जान इतनी सस्ती थी कि शिकायत के बाद भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब निगाहें इस बात पर हैं कि जांच में सच्चाई क्या सामने आती है और क्या जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।

## जिपं सीईओ ने श्रृद्धा सुमन अभियान में नवाचार कर शिखा को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा



**जागरण,छतरपुर।** जिला प्रशासन की पहल सोमवार हो सकारात्मक, जिसमें ऐसे प्रकरण जो लंबे समय से लंबित है उनके तत्काल निराकरण किए जाएं। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में श्रद्धा सुमन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों का निराकरण कर आवेदक को नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा जाता है। ऐसी ही पहल सोमवार 2 मार्च को देखने को मिली। जब जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया द्वारा आवेदक शिखा शिवहरे को जनपद पंचायत गौरिहार के ग्राम पंचायत कटरा में सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र का आदेश सौंपा गया। शिखा के पिता स्व.दिनेश प्रसाद शिवहरे ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे, सेवाकाल के दौरान उनकी दुःखद मृत्यु हो गई थी। दिवंगत शासकीय सेवक को श्रद्धा सुमन के रूप में उनकी बेटी को त्वरित कार्यवाही एवं सकारात्मक पहल के साथ अनुकंपा नियुक्ति दी गई। इस दौरा शिखा और उनकी माँ खुशी से भावुक हो उठी। उन्होंने शासन प्रशासन को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि पद रिक्त नहीं होने के कारण कई दिनों से नियुक्ति नहीं मिल पा रही थी। लेकिन जैसे ही पद रिक्त हुआ तो जिला प्रशासन द्वारा तत्काल नियुक्ति देने की कार्यवाही की। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि 2022 में शिखा के पिता की दुःखद मृत्यु हो गई थी। अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदक कई दिनों से परेशान थे, क्योंकि पद रिक्त नहीं थे। जैसे ही पद रिक्त हुआ तो कलेक्टर के निर्देशन में आवेदक को बुलाकर तत्काल अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। साथ ही पदस्थापना भी उनके ग्राम रेवना के नजदीकि ग्राम कटरा में की गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पहल है कि हर परेशान व्यक्ति यहां आए तो मुस्कुराता हुआ जाए। कलेक्टर श्री जैसवाल के निर्देशन में जिले में दिवंगत शासकीय सेवकों के संबंधित वैध वारिस को अनुकंपा नियुक्ति देने की तत्काल प्रक्रिया की जा रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर में छतरपुर जिला प्रशासन अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करने में उदाहरण बनकर उभरा है। जहाँ नई ऊर्जा और सकारात्मक संकल्पों की राह से अनुकंपा नियुक्ति की उम्मीद लगाए चेहरों पर खुशियां बिखर रहीं हैं। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को बहुत ही आसान किया गया है, जिससे आवेदकों को बहुत ही कम समय में अनुकंपा नियुक्ति मिल रही।

## एसपी ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को उपहार भेंट कर किया सम्मानित



**जागरण,छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा आज पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में जिला पुलिस बल छतरपुर पुलिस सेवा से दिनांक 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत हुये। प्रधान आरक्षक केशरी प्रताप सिंह बघेल को सम्मानित किया गया। सेवानिवृत हुवे प्रधान आरक्षक द्वारा जिला छतरपुर के विभिन्न थानों में तथा वर्तमान में थाना खजुराहो में सेवाएं दे रहे थे। उक्त सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी द्वारा 35 वर्ष से अधिक समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं दी गई। अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने पर उन्हें उपहार भेंट करते हुए शाल, श्रीफल, पुलिस स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक छतरपुर ने आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी को उनके किए गए कार्यों की प्रशंसा कर मंगलमय जीवन व अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी गई। उनके बच्चों के व्यवसाय को जानकर उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किये गये। जिससे उपस्थित जूनियर पुलिस कर्मचारियों को प्रेरणा मिली। आयोजित कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र पूर्णिमा मिश्रा, संबंधित पुलिस अभिलेख अधिकारी, सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी एवं उनके परिजन तथा जूनियर पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

## असंक्रमित एवं ठोस अपशिष्ट उठाने के शुल्क में भारी वृद्धि

**जागरण,छतरपुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिका परिषद छतरपुर द्वारा दिनांक 08.04.2025 को आयोजित परिषद बैठक के उपरांत एक आदेश पारित किया गया, जिसके माध्यम से नगर सीमा क्षेत्र में असंक्रमित एवं ठोस अपशिष्ट संग्रहण एवं परिवहन शुल्क में पूर्व निर्धारित दरों की तुलना में लगभग 20 गुना तक वृद्धि कर दी गई है। उक्त आदेश का प्रकाशन दैनिक भास्कर समाचार पत्र में किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा असंक्रमित एवं ठोस अपशिष्ट उठाने हेतु सामान्य रूप से लगभग 240 रुपये प्रतिमाह शुल्क वसूल किया जाता था, जिसे बढ़ाकर अब लगभग 3000 रुपये प्रतिवर्ष कर दिया गया है। इसी प्रकार, पूर्व में 5000 से 10,000 वर्गफुट क्षेत्रफल वाले चिकित्सीय संस्थानों से 500 रुपये शुल्क लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर अब 10,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। नवीन आदेश के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित शुल्क इस प्रकार किए गए हैं साधारण दुकान - 100 रुपये प्रतिमाह, मॉल - 1000 रुपये प्रतिमाह, रेस्टोरेंट - 1000 रुपये प्रतिमाह, अस्पताल - 10,000 रुपये प्रतिमाह, मैरिज गार्डन -10000 प्रति माह, क्लीनिक - 500 रुपये प्रतिमाह हॉस्टल - 2000 रुपये प्रतिमाह, प्राइवेट कार्यालय - 1000 रुपये प्रतिमाह, प्राइवेट स्कूल - 5000 रुपये प्रतिमाह, इसके अतिरिक्त मैरिज गार्डन सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के शुल्क में भी अत्यधिक वृद्धि की गई है, जो कई मामलों में पूर्व दरों की तुलना में लगभग 20 गुना तक है। नगर पालिका परिषद द्वारा बिना पर्याप्त पूर्व सूचना, बिना हितधारकों से परामर्श एवं बिना किसी चरणबद्ध व्यवस्था के इस प्रकार से शुल्क में अत्यधिक वृद्धि किया जाना मनमाना, अव्यावहारिक एवं तानाशाहीपूर्ण प्रशासनिक निर्णय प्रतीत होता है, जिससे नगर के होटल, कोचिंग संस्थान, मैरिज गार्डन, अस्पताल, क्लीनिक, हाथ ठेला संचालक, फल विक्रेता, स्वीमिंग पूल, निजी विद्यालय एवं अन्य व्यवसायिक संस्थान प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले नर्सिंग होम एसोसिएशन द्वारा कलेक्टर, छतरपुर को ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग की गई है कि नगर पालिका परिषद द्वारा परिषद बैठक में पारित उक्त आदेश के माध्यम से की गई शुल्क वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए व्यवहारिक एवं न्यायोचित दरें निर्धारित की जाएं। नगर पालिका परिषद का यह निर्णय जनहित एवं व्यापारिक हितों के प्रतिकूल होने के साथ-साथ प्रशासनिक न्याय एवं समानता के सिद्धांतों के भी विपरीत बताया जा रहा है।

### मंदिर परिसर में पानी पीने के लिए गए हुए थे चोर, ताला लगा न होने के कारण चोरी की वारदात को दे दिया अंजाम

# चोरों ने रुपयों के लालच में चुराये ग्राम गंज में नरसिंह भगवान के मंदिर से आभूषण





**जागरण, गंजबासौदा।**

देहात थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम गंज स्थित भगवान श्री नरसिंह मंदिर से चोरी हुये चांदी के मुकुट और छत्र सहित चोरों को पुलिस ने धरदबोंचा है। इस पूरी कार्यवाही के लिए पुलिस को लगभग 50 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज खंगालना पड़ा और सघन जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए उनसे चुराये हुए भगवान के आभूषण भी बरामद किये हैं। यह सभी चोर रात में कोपरे का उत्खनन करने वाले खनन माफिया के डंपर चलाते हैं। घटना की रात में भी इन चोरों ने मंदिर के समीप कोपरे का पुराव के लिए एक डंपर डाला था। जिसके बाद यह पानी पीने के लिए मंदिर की तरफ गए हुए थे, इसी दौरान चोरों की नजर मंदिर पड़ी और उन्होने ताला न लगा होने के कारण मंदिर से चांदी के छत्र और भगवान के आभूषणों को चुरा लिया। मंदिर में हुए चोरी की बारदात की जानकारी सुबह प्राप्त हुई। पुलिस ने फिंगर प्रिंट भी लिए और सीसीटीव्ही फुटेजों की जांच पड़ताल की। जिसमें कुछ संदिग्ध दिखाई दे रहे थे, जिन्हे बाद में धरदबोंचा। पुलिस ने इस मामले में रामबाबू उर्फ रामू केवट निवासी ग्राम झागर थाना पथरिया हाल मुकाम इंदिरा नगर, रवि केवट उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम झागर थाना पथरिया हाल मुकाम स्वरूपनगर डिपो और तीसरा आरोपी कल्ला केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम झागर हाल मुकाम तिरंगा चौराहा को पकड़ा है, जिन्होने उक्त चोरी करना स्वीकार किया है।

### आभूषणों को गिरबी रखने की फिराक में थे चोर

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रवि केवट जो स्वरूपनगर डिपो पर निवास करता है और उसका वहां के अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के साथ उठना बैठना था। उसने चुराये हुये आभूषणों को एक व्यक्ति के यहां गिरबी रख दिया था। लेकिन बाद में उस व्यक्ति ने थाने पहुंचकर आभूषणों की जानकारी पुलिस को दी और आरोपितों को पकड़ने के लिए टीमें गठित की। जिसमें पुलिस को सफलता भी मिली है। पुलिस ने इस पूरे मामले में चोरी के 3 मुकुट और 2 छत्र बरामद किये हैं। जिनकी कीमत 1 लाख 90 हजार रूपये बताई गई है। इस कार्यवाही में निरीक्षक देहात थाना मनोज दुबे, निरीक्षक शहर थाना संजय बेदिया, उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक दिव्यक्रांति भार्गव, आरक्षक रामनिवास मीना, राहुल झा, रिषभ श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अभाविप के छात्र नेताओं ने 2 घंटे बैठकर किया प्रदर्शन अव्यवस्थाओं को ठीक करने का दिया आश्वासन



**जागरण, गंजबासौदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर के शासकीय संजय गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं असामाजिक गतिविधियों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करीब दो घंटे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिषद के जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में लगातार असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। परीक्षा केंद्र के दौरान भी बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश बना रहता है, जिससे विद्यार्थियों में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो रहा है।

नगर मंत्री गजेंद्र राजपूत ने बताया कि रात्रि के समय कुछ लोग परिसर में जन्मदिन आदि कार्यक्रम मनाकर शासकीय भवन एवं कांच को नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिससे सरकारी संपत्ति को क्षति हो रही है। साथ ही कुछ प्राध्यापक अपने व्यक्तिगत ट्रेन समय के अनुसार महाविद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराते हैं, जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। जनभागीदारी से नियुक्त स्टाफ द्वारा बिना सूचना शनिवार को अवकाश लेने के कारण प्रशासनिक कार्य भी बाधित हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया गया, किन्तु विद्यार्थी अपनी मांगों पर अडिग रहे। स्थिति को देखते हुए प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार अनुराग जी मौके पर पहुँचे तथा परिषद के कार्यकर्ताओं से चर्चा कर उचित एवं शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। परिषद ने प्रशासन को 7 दिवस के भीतर समस्याओं के समाधान की चेतावनी दी है। यदि निर्धारित समयावधि में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इसमें परिषद के अभिषेक रघुवंशी, उत्कर्ष, अंशुल, तरुण, पार्थ, निखिल, शिवेंद्र, हीरेंद्र, भूपेन्द्र, राहुल, ओम आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र पर मनाई होली

**जागरण, गंजबासौदा।** वार्ड क्रमांक 21 रजौदा रोड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर कार्यकर्ता सुलेखा पंथी के द्वारा छोटे बच्चों के लिये होली पर्व का आयोजन रखा गया। जिसमें बच्चों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनायें दीं। इस मौके पर बस्ती के लोग भी मौजूद रहे।

## पंच कल्याण महोत्सवः रथों पर निकली विशाल रथ यात्रा




**जागरण, गंजबासौदा।** पंच कल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन भगवान आदिनाथ स्वामी का मोक्ष (निर्वाण) कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रातः आयोजन स्थल अयोध्या नगरी में कैलाश पर्वत की रचना की गई ,जिसमें जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी अपने कैवल्य ज्ञान अवस्था में विराजमान हुए और नित्य अभिषेक, शांतिधारा और पूजन के उपरांत नंदीश्वर द्वीप पूजन की गई। वही पूजन के साथ कैलाश पर्वत पर विराजमान भगवान आदिनाथ स्वामी के निर्वाण (मोक्ष) का अलौकिक दृश्य उपस्थित हजारों धर्मानुरागी बंधुओं को देखने को मिला। भगवान को मोक्ष की प्राप्ति के उपरांत सौधर्म इंद्र की आज्ञा से अग्नि कुमार इंद्र द्वारा भगवान के नख और केशों का विर्सजन किया गया। तत्पश्चात मुनि श्री विमल सागर महाराज एवं मुनि श्री अनंत सागर महाराज द्वारा मोक्ष कल्याणक विशेष प्रवचन सुनने का अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। मोक्ष कल्याणक पूजन के साथ विश्व शांति महायज्ञ, उपस्थित इंद्र और इंद्राणी द्वारा किया गया। तत्पश्चात विशाल रथयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के प्रमुख सेवादल, महिला मंडल, बालिका मंडल अपनी अपनी प्रस्तुतियां देते नजर आए। फेरी में विशाल गजरथ पर सवार सौधर्म इंद्र सबसे आगे चल रहे थे, उसके पीछे रजत रथ, विज्ञान रथ सहित कुल नौ रथ यात्रा में शामिल हुए।

## कांग्रेस नेताओं की मांग शहर की नल जल योजना की हो सफाई



**जागरण, गंजबासौदा।** वार्ड नंबर 21 में नल जल योजना की पाइप लाइन के अंदर मरा हुआ सांप निकालने के बाद सोमवार को विपक्षी दल के नेताओं ने विरोध प्रदर्शित करते हुए नपा के प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा है, जिसमें कांग्रेस के पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन ने कहा कि शहरी क्षेत्र में बिछाई गई जल आवर्धन पाइपलाइन की सफाई कराई जाए, साथ ही जो पानी पेयजल पूर्ति के लिए नगर पालिका द्वारा दलों के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा है, उसकी समय-समय पर जांच हो। शहरी क्षेत्र के वार्डों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। जिससे लोग अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करा सकें। पानी की पाइप लाइन में मृत सांप निकलने जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए एक टीम बनाकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ गुरु-भक्ति का प्रतिफल, बलराम दास बने महंत



**जागरण, गंजबासौदा।** गुरु-भक्ति और निःस्वार्थ सेवा का जीवंत उदाहरण रविवार को उस समय सामने आया है जब वर्षों तक गुरु-चरणों में स्वयं को समर्पित रखकर, बिना किसी पद या प्रतिष्ठा की आकांक्षा के सेवा में रमे रहे बलराम दास रविवार को संत समाज द्वारा महंत पद पर आसीन किए गए हैं। तप और त्याग की पावन भूमि चित्रकूट में रवि पुष्य नक्षत्र एवं मीन लग्न के शुभ संयोग में स्वयंपाखी आश्रम एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण का साक्षी बना। भगवान सीताराम की प्राण-प्रतिष्ठा, नौ दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति और गुरु-भक्ति के प्रतिफल स्वरूप बलराम दास की महंताई इन तीनों पावन प्रसंगों ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। क्षेत्र के ग्राम रजौदा के गृहस्थ परिवार से निकलकर लगभग 22 वर्ष पूर्व बलराम दास ने वैराग्य धारण किया। सांसारिक मोह त्यागकर उन्होंने तीर्थाटन किया, संतों का सान्निध्य प्राप्त किया और अंततः चित्रकूट में स्थिर होकर स्वयं को गुरु-सेवा में समर्पित कर दिया।

तपोभूमि चित्रकूट स्थित स्वयंपाखी आश्रम में रवि पुष्य नक्षत्र एवं मीन लग्न के पावन संयोग में भगवान सीताराम की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न हुई। नौ दिवसीय सीताराम महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ पूरा आश्रम परिसर मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और श्रीराम नाम के जयघोष से गूंज उठा। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-कुंडों की दिव्य अग्नि के बीच 3 लाख 62 हजार श्रीराम नाम की आहुतियों के साथ महायज्ञ सम्पन्न हुआ। पूर्णाहुति के समय श्रद्धालुओं की आँखों में आस्था और संतों के मुख पर संतोष झलक रहा था। गर्भगृह में भगवान सीताराम की अचल प्रतिमाओं की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई। जयघोष से समूचा परिसर गूंज उठा। इसी पावन अवसर पर संत समाज ने वर्षों से गुरु-चरणों में समर्पित बलराम दास को महंत पद की चादर ओढ़ाकर आश्रम की जिम्मेदारी सौंपी। यह केवल पद-स्थापना नहीं, बल्कि गुरु-भक्ति की साधना का सम्मान था। मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज अयोध्या महाराष्ट्र से पधारे तपस्वी संतों महंतों और महामंडलेश्वरों ने महंताई के दौरान कहा कि रवि पुष्य जैसे सिद्ध योग और मीन लग्न में सम्पन्न यह अनुष्ठान केवल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि परंपरा की पुनः प्रतिष्ठा है।

# जागरण विदिशा

विदिशा, 03 मार्च 2026 शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर www.dainikjagranmpcg.com


### नपा सीएमओ की अपील पर गोबर के कंडे से बनाई होलिका

**राघोगढ़।** राघोगढ़ नगरपालिका के सीएमओ तेज सिंह यादव की नगरवासियों से अपील पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मनाया। होलिका दहन के दौरान जलाऊ लकड़ी का कम से कम उपयोग किया गया। पर्यावरण-अनुकूल तरीके अपनाते हुए गोबर से बने गौकास्ट लकड़ी एवं गोबर से बने उपले का उपयोग किया गया। इस से हमारी संस्कृति और स्वदेशी परंपराओं को भी बढ़ावा दिया गया।

### जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान नंबरिंग का कार्य जारी

**राघोगढ़।** आगामी भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत 28 फरवरी से मकान नंबरिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है। वार्ड क्रमांक 09 में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के स्वयं मकान पर नंबरिंग की। निर्धारित तिथि से गणना कर्मी (प्रगणक) घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं भवन पर एक विशिष्ट पहचान संख्या अंकित करेंगे।

## न्यूज कार्नर

### बेतवा को लेकर दायर की गई याचिका पर अधिकारियों को नोटिस

**विदिशा।** सिविल सोसाइटी के सचिव देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया की बेतवा में समाहित होने वाले नालों की रोकथाम एव नागरिकों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के संदर्भ में न्यायालय अध्यक्ष लोक उपयोगी सेवाओं हेतु स्थाई निरंतर लोक अदालत में अधिवक्ता दीपक गर्ग द्वारा दायर याचिका याचिका कर्ता सिविल सोसाइटी के सचिव देवेंद्र सिंह राठौड़, अतुल तिवारी, सुजीत देवलिया, सविता कटारे, संजय तिवारी, प्रवेंद्र शर्मा, नीरज चौरसिया की ओर से दिनांक 28 फरवरी को याचिका दायर की गई। न्यायालय ने बेतवा की स्थिति पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपरोक्त संदर्भ में 28 मार्च को प्रति उत्तर के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी, डीन शासकीय अटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज, प्रबंधक अदानी विल्मर सोयाबीन कंपनी एवं कलेक्टर मध्य प्रदेश शासन को नोटिस जारी किया गया है। यह जानकारी सचिव देवेन्द्र राठौर द्वारा दी गई।

### 5 मार्च से बंद होगा सम्राट अशोक सागर बांध की नहरों का संचालन

**विदिशा।** सम्राट अशोक सागर संभाग क्रमांक दो के कार्यपालन यंत्री राजकुमार पंडलोई द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार सम्राट अशोक सागर बांध से रबी फसलों की सिंचाई हेतु 5 नवंबर 2025 से निरंतर जल प्रदाय किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत अब 5 मार्च 2026 से नहरों का संचालन बंद किया जाना प्रस्तावित है। विभागीय जानकारी के अनुसार बांध में उपलब्ध जल से पेयजल, औद्योगिक उपयोग तथा अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए पर्याप्त मात्रा में जल आरक्षित रखने के उपरांत ही नहर संचालन बंद करने का निर्णय लिया गया है। यह कदम भविष्य की आवश्यकताओं एवं जल संतुलन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। जल संसाधन विभाग ने कमांड क्षेत्र के सभी किसानों द्वारा नहरों के सुव्यवस्थित संचालन में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। विभाग का कहना है कि किसानों के सहयोग से रबी सिंचाई सत्र सफलतापूर्वक संचालित हो सका। कार्यपालन यंत्री, सम्राट अशोक सागर संभाग क्रमांक.2 विदिशा ने कृषकों से अपील की है कि वे शेष जल का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें तथा विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए आगामी फसल चक्र की तैयारी करें।

### पूर्व में भी हो चुके हादसे, डपंरों को लेकर सिर्फ होती आ रही औपचारिक कार्रवाई

# डंपरों की रफ्तार पर नहीं लग पा रही रोक, फिर हुआ एक हादसा, युवती को टक्कर मार तोड़ दिया बिजली का खंभा

जागरण विदिशा

पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई करती आ रही लेकिन यह औपचारिक साबित हो रही है। महीने में कुछ कार्रवाई कर सिर्फ औपचारिकताएं निभाई जाती रही है। ऐसे में डंपरा चालकों की लापरवाही एवं इनकी तेज रफ्तार पर नियंत्रण हो नहीं लग पा रहा जिससे जिले में हादसे रुक नहीं रहे हैं। होली के दिवस ही शहर विदिशा के व्यस्तम चौराहे पर एक हादसा सामने आया जिसमें एक तेज रफ्तार डंपर ने एक पुराना खंभा तोड़ा, एक बिजली के खंभे को कमान की तरह मोड़ दिया और मोपेड से जा रही एक युवती को घायल कर दिया। हादसे के बाद तुरंत डंपर चालक मौके से भाग गया। स्थानीय नागरिकों ने घायल युवती को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहीं सूचना पर पुलिस पहुंची और डंपर को जब्त किया है।



मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा शहर के व्यस्तम अहमदपुर चौराहे के पास सोमवार की सुबह हुआ। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। यह डंपर तेज रफ्तार में था और चौराहे के पास कुछ वाहनों को टक्कर मारी। वहीं एक पुराना खंभा को टक्कर मारी जिससे यह खंभा अपने स्थान से कई फीट दूर फिंका गया। वहीं एक स्कूटी पर जा रही युवती को टक्कर मारते हुए बिजली के खंभे से जा टकराया। इससे यह खंभा भी बुरी तरह कमानी की तरह मुड़ता हुआ समीप बने एक मकान की दीवार तक झुक गया।खंभे से टकराकर यह डंपर अगर नहीं रुकता तो शहर में एक बड़ा हादसा हो जाता। घायल युवती की पहचान 22 वर्षीय खुशबू साहू के रूप में हुई है और वह मोहन गिरी निवासी होना बताई गई। मौक पर मौजूद लोगों के मुताबिक डंपर अहमदपुर चौराहे की ओर से तेज गति से आ रहा था। उसने दोपहिया वाहन से जा रही युवती को जोरदार टक्कर मारी, जिससे युवती सड़क पर गिर गई और डंपर उसके हाथ के ऊपर से निकल गया। इस हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भाग निकला।



#### सड़कों पर वाहन खड़े रहने से भी बनती है दुर्घटना की स्थिति

इस व्यस्तम तिराहे के आसपास एवं समीप सड़क किनारे कई दुकानें हैं और दुकानों पर आने वाले वाहनों की पार्किंग सड़कों पर ही होती है। बड़ी संख्या में सड़कों पर वाहन खड़े रहने से आवागमन में सड़क पर्याप्त चौड़ाई में नहीं पाती और अन्य बड़े वाहनों को आने-जाने में दिक्कतें आती रही हैं। इस तिराहे पर अक्सर हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसे में क्षेत्र के रहवासी चौराहे की समीपी सड़कों को पार्किंग से मुक्त किया जाना जरूरी मान रहे ताकि आवागमन सुलभ रह सके। इस हादसे से लोगों में नाराजी है। उनका कहना है कि पुलिस द्वारा समय-समय पर ओवर लोड डंपरों पर कार्रवाई होती आई है, लेकिन इन वाहनों की रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। यह स्थिति अकेले अहमदपुर तिराहे की नहीं बल्कि शहर के अन्य तिराहों व अन्य प्रमुख सड़कों पर वाहन पार्किंग के चलते एवं वाहनों की तेज रफ्तार के कारण अब हादसों का डर बढ़ता जा रहा है।

#### घायल युवती को दुपहिया वाहन से पहुंचाया अस्पताल

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अनियंत्रित डंपर ने एक खंभे को तोड़ा और फिर सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायल युवती सड़क पर तड़प रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति ने अपनी दोपहिया वाहन से घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां भर्ती कर उसका इलाज जारी है। इस हादसे में बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त होने से अहमदपुर से लेकर सागर पुलिया क्षेत्र तक की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से डंपर हटवाया। इसके बाद इस क्षतिग्रस्त खंभे के स्थान पर विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दूसरा खंभा लगाए जाने की कार्रवाई चलती रही। इस दौरान करीब 4 घंटे तक इस क्षेत्र में विद्युत प्रवाह प्रभावित रहा।

## शहर में देर रात तक होता रहा होलिका दहन, कल मनेगा धूमधाम से रंगोत्सव

जागरण विदिशा

शहर में होली पर्व को लेकर उत्साह रहा। सोमवार को दिन भर बाजारों में रंग गुलाल व पूजन सामग्री की खरीदी होती रही तो वहीं रात में विभिन्न स्थानों पर मुहूर्त समय को ध्यान में रखते हुए देर रात तक होलिका दहन होता रहा। सोमवार का दिन बाजार का होने के कारण बाजार में भीड़ भी अत्याधिक देखी गई। इस दौरान रंग गुलाल, पिचकारियों की दुकानों पर भी बच्चों की काफी भीड़ देखने को मिली। जहां बाजार में 10 रुपए से लेकर 600 रुपए तक की पिकारियां उपलब्ध थीं। वहीं घरों में श्रद्धालुजन होली पर्व के पकवान तैयार करते रहे। शहर में 150 से अधिक स्थानों पर होली तैयार की गई थी। शाम तक होली लकड़ी, कंडो से आकार दिया जाता रहा। कुछ होली में होलिका एवं प्रहलाद की प्रतिमा भी बिठाई गईं, जो आकर्षण का केन्द्र रहीं। वहीं होलिका के दहन के बाद श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन कर होलिका की। विभिन्न मोहल्लों में होलिका के दहन के बाद लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी।

इसी के साथ ही 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने के कारण कल 4 मार्च को लेकर रंगोंत्सव मनाया जाएगा। जहां शहर में हुरियारों की होड़ देखने को मिलेगी एवं शहर रंगों से सरावोर दिखाई देगा। इसी दौरान आदर्श होली समिति द्वारा होली जुलूश भी निकाला जाएगा।



### व्यापार महासंघ के चुनाव 29 मार्च को 5 निर्वाचन अधिकारी बनाए

जागरण विदिशा।

विदिशा व्यापार महासंघ के चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकीं हैं। यह चुनाव वर्ष 2026-29 के लिए होंगे जो 29 मार्च को कराए जाएंगे। इसके लिए सभी संचालक सदस्यों की सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। इस चुनाव हेतु श्याम सुंदर गर्ग, चंद्रकांत जैन, प्रकाश भंडारी, मनमोहन बंसल एवं सुरेन्द्र जैन निर्वाचन अधिकारी रहेंगे। सभी संचालक साथियों को निर्वाचन संबंधी सूचना एवं सामान्य नियमों की जानकारी दी जा रही है। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन एवं महामंत्री नवल शास्त्री द्वारा कहा गया है कि व्यापार महासंघ की गरिमा को बनाए रखते हुए अपनी गौरवशाली परंपरा के अनुसार शांति एवं शालीनता के साथ इस निर्वाचन में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे, ऐसी अपेक्षा जताई गई है।

### बड़ी संख्या में रोजेदारों की मौजूदगी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया



जागरण विदिशा

पेड़ी स्कूल खाई क्षेत्र में नौजवान साथियों की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना रहा। इफ्तार के लिए खजूर, फल, शरबत और अन्य खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई थी। अजान होते ही रोजेदारों ने सामूहिक रूप से रोजा खोला और देश-प्रदेश की तरक्की व अमन.चैन की दुआ की।

इस मौके पर बुजुर्गों और युवाओं ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। आयोजकों ने बताया कि रमजान का महीना इंसानियत, सहयोग और प्रेम का संदेश देता है, इसलिए सभी को मिलकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और लोगों ने इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया।

## आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस आई अलर्ट मोड पर

### फ्लैग मार्च और बाइक रैली निकालकर खाकी ने दिखाया शक्ति प्रदर्शन

जागरण विदिशा

आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। होली पर्व, ईद और रामनवमी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च और बाइक रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एसपी रोहित काशवानी के नेतृत्व में हुआ। इस मार्च का उद्देश्य कानून.व्यवस्था बनाए रखना और आमजन में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना रहा।



फ्लैग मार्च में 150 पुलिसकर्मी शामिल रहे। मार्च थाना कोतवाली से शुरू होकर तिलक चौक, बड़ा बाजार, तोपपुरा, रामलीला चौराहा, मुखर्जी नगर, विवेकानंद चौराहा, नया अस्पताल तिराहा, बस स्टैंड, सब्जी मंडी, नीमताल तिराहा, एटीएम तिराहा, सिंह वाहिनी मंदिर, क्रांति चौक, पुरनपुरा तिराहा, दुर्गा नगर, अहमदपुर तिराहा, पीतल मिल, खरीफाटक ओवरब्रिज और माधवगंज तिराहा सहित शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। देर रात यह मार्च वापस कोतवाली पर समाप्त हुआ। एसपी रोहित काशवानी हेलमेट पहनकर बुलेट चलाते हुए मार्च का नेतृत्व करते नजर आए।

फ्लैग मार्च में एएसपी प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज, सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा, महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव, अजाक थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी और यातायात प्रभारी आशीष राय सहित जिले के विभिन्न थानों का पुलिस बल और पुलिस लाइन स्टाफ मौजूद रहा। एसपी रोहित काशवानी ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून.व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। अफवाह फैलाने, माहौल बिगाड़ने या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस द्वारा ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रवेश मार्गों पर सघन चेकिंग की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है ताकि अफवाहों को समय रहते रोका जा सके। एसपी काशवानी ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहार आपसी सद्भाव और शांति के साथ मनाएं, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस की इस सक्रियता से साफ संकेत है कि शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मीना समाज सेवा संगठन की हुई बैठक: सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

जागरण विदिशा

मप्र मीना समाज सेवा संगठन विदिशा ब्लॉक की बैठक ग्राम बेरखेड़ी निवासी बब्लू मीणा के निवास पर आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ ट्रस्ट अध्यक्ष गजराज सिंह मीणा एवं संगठन के जिला अध्यक्ष राजाराम मीणा द्वारा भगवान मीनेष के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रमेश मीणा ने की।

बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष गजराज सिंह मीणा एवं सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष राजाराम मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री रघुवीर सिंह मीणा एवं प्रदेश प्रचार मंत्री मुकेश मीणा मौजूद रहे। वरिष्ठ समाजसेवी आरपी मीणा ने समाजजनों को संबोधित करते हुए विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में होने वाले फिजूलखर्ची पर रोक लगाने तथा उस धनराशि को बच्चों की शिक्षा और रोजगार में लगाने का आह्वान किया। संगठन मंत्री मोहन सिंह मीणा ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए मृत्युभोज को सीमित एवं सूक्ष्म रूप में करने, दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने, राई लोकगीत व डीजे पूर्णतः बंद करने तथा फलदान कार्यक्रम को सीमित लोगों के साथ संपन्न करने की अपील की।



बैठक में संगठन के उपाध्यक्ष दीवान सिंह, राजेश मीणा एवं भारत सिंह मीणा, जिला महामंत्री राजेंद्र सिंह, संरक्षक लक्ष्मण सिंह मीणा, युवा जिला अध्यक्ष ऋषिराज मीणा, विदिशा ब्लॉक युवा अध्यक्ष अरुण मीणा सहित पूरनसिंह, करनसिंह, चरणसिंह, अमरसिंह, अमरचंद मीणा, सुंदरलाल मीणा, नर्मदाप्रसाद, ऊधम सिंह मीणा, हाकम सिंह, कमलेश सिंह, मोहरसिंह, भारतसिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में सभी समाजजनों ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। आभार प्रदर्शन संगठन के जिला सचिव सौदान सिंह मीणा ने किया।

## वृद्धजनों को भोजन कराकर मनाई पुण्यतिथि आशा सिंह की समाज सेवाओं को किया याद

जागरण विदिशा

हरि वृद्ध आश्रम में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की पत्नी आशा सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रीहरि वद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन करा कर पुष्पांजलि अर्पित की। पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस नेता अशोक वीर सिंह रघुवंशी बिप्पे गजार ने अपने सभी मित्रों के साथ आयोजित किया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत सभी वृद्धजन उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान श्री रघुवंशी व उनके साथियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय आशा सिंह के तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सुभाष बोहत ने अपने संबोधन में आशा सिंह को नमन करते हुए कहा कि वे समाजसेवा की भावना से सदैव जुड़ी रहीं। उन्होंने कहा कि अपने जीवनकाल में आशा सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ मिलकर महिलाओं, वृद्धों एवं निराश्रितों के कल्याण से जुड़ी जन उपयोगी योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जो समाजहित में एक जिम्मेदार भूमिका का उदाहरण है। कार्यक्रम के अंत में सभी वृद्धजनों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया।

इस अवसर पर कपिल, सिद्धू, नीलेश, गोलू, शैलेन्द्र सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कलेक्टर के निर्देश-किसी भी विभाग की लापरवाही की शिकायत नहीं आनी चाहिए

## चैत्र नवरात्रि को लेकर महामाई सेवा समिति की हुई बैठक

जागरण विदिशा

चैत्र नवरात्रि उत्सव विक्रम संवत 2083 के अवसर पर सिरोंज के ग्राम वीरपुर स्थित श्री महामाई माता मंदिर डांगवाली में आयोजित होने वाले तिथिवार कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर महामाई सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मंदिर परिसर में आयोजित बैठक के दौरान विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं, ताकि नवरात्रि में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक से पूर्व विधायक उमाकांत शर्मा ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।




बैठक को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने विभागवार दायित्वों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय, वन विभाग, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

मंदिर के पुजारी नलिनीकांत शर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया। पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन का वाचन रमेश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को न हो परेशानी

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि मंदिर एवं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की ओर से लापरवाही की शिकायत नहीं आनी चाहिए। समय पर बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बढ़े आयोजनों के माध्यम से शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा सकता है।